**भारत सरकार**
**प्रधान आयुक्त कार्यालय,केन्द्रीय माल एवं सेवा कर एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, रांची**
**केंद्रीय राजस्व भवन ,5 ए,मेन रोड ,रांची- 834001**
**फ़ोन:0651 - 2330218, फैक्स: -0651 -2332420,**
**मेल :cgstranchi@gmail.com/ commr-cexranchi1@nic.in**

'आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM)' अभियान के अन्तर्गत केन्द्रीय माल एवं सेवा कर व केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, राँची, आयुक्तालय एवं आयकर विभाग , रांची के द्वारा संयुक्त रूप से योग दिवस मेकोन स्टेडियम , रांची मे दिनांक – 21.06.2022, समय -प्रातः 6.00 बजे से 8.00 बजे तक आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे माननीय सांसद, रांची श्री संजय सेठ उपस्थित थे। उन्होने विश्व गुरू बनने की दिशा में योग के महत्व को विस्तार पूर्वक बताया एवं कोरोना काल मे योग के द्वारा किस तरह भारतीयों ने इस महामारी से लड़ने की अपनी क्षमता बढ़ाई और इस महामारी की भयावहता पर विजय पायी । अब योग के महत्व को विश्व ने भी समझा और इसे आत्मसात कर रहे हैं जिसमे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और आचार्य बाबा रामदेव का अथक प्रयास रहा है ।

इसके उपरांत योगाचार्य के कुशल मार्गदर्शन मे सभी अधिकारियों ने सम्मिलित रूप से योगाभ्यास किया और इस प्रण के साथ की **योग को जीवन का एक अभिन्न अंग बनाएँगे** , इसके साथ कार्यक्रम की समाप्ती की गयी।

रांची आयुकतालय के अधीन आनेवाले उप – आयुकतालय एवं सभी प्रमंडलों मे भी 'आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM)' अभियान के अन्तर्गत योग दिवस आयोजित किया गया और अधिकारियों /कर्मचारियों ने हर्षोलास से भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।